## एक नजर में

### कवि जायसवाल साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित




**कांटाफोड़।** शिला अक्षर फाउण्डेशन दिल्ली के तत्वावधान में अखण्ड गीतापीठ शाश्वत सेवाश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र हरियाणा में परम पूज्य महा मंडलेश्वर स्वामी शाश्वत आनंद गिरी जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में डाक्टर एस.पी.शर्मा डॉ आरती वाजपेयी कुमार दत्त कुंवर नीलम कुलश्रेष्ठ की सत्राध्यक्षता में तथा प्रो डाक्टर पूनम अग्रवाल ललित भूषण डाक्टर अनुज भार्गव मधुर कुलश्रेष्ठ कुमुद शुक्ला डाक्टर मृदुला त्यागी डाक्टर कुमार आदित्य आरती शर्मा सुमन शर्मा अर्चना सिंह मोनिका रानी के विशेष आतिथ्य में जहां गीता का संदेश गूंजा वहीं सृजन के अक्षर फिर से जागेंगें विषय पर अंतर्राष्ट्रीय काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें साहित्यकारों और कवियों ने धर्म सनातन संस्कृति लोक संस्कृति श्रीमद्भगवद्गीता के जीवन दर्शन भारतीय शिक्षा पद्धति पर्यावरण आदि मानव जीवन मूल्यों पर शिक्षाप्रद व्याख्यान और संदेशवाहक कविताओं का काव्य पाठ किया। नगर के कवि सुन्दर जायसवाल सबरस की पर्यावरण पर पढ़ी गयी हास्य व्यंग रचना मोना मजनूं और पेड़ ने खुब तालियां बटोरी। जायसवाल को मोमेंटो माला अंगवस्त्र देकर साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । वहीं म,प्र,के ही सुरेश सोनपुरे अजनबी व डाक्टर अनिल शर्मा मयंक भोपाल भी साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित हुए ।इस अवसर पर डाक्टर नीलिमा निर्भीक व मनोज राणा द्वारा लिखित पौराणिक साहित्य व श्रीमद्भगवत पुराण भाग 1 व 2 का लोकार्पण किया गया ।डा , ब्रज लता शर्मा और आर,एस, शर्मा ने सभी साहित्यकारों और कवियों का स्वागत किया ।संचालन डाक्टर नीलिमा निर्भीक व श्वेता शर्मा ने किया ।तथा आभार निखिल शर्मा ने व्यक्त किया।

### चक्काजाम आंदोलन में हजारों कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा

**देवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मक्सी-शाजापुर टोल नाके पर ऐतिहासिक चक्काजाम आंदोलन किया गया। कांग्रेस प्रवक्ता हारिस गजधर ने बताया कि देवास से भी जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रयास गौतम व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी के नेतृत्व में एवं संगठन प्रभारी सुरेन्द्र सिंह शेरा एवं विनय बाकलीवाल के मार्गदर्शन में, हजारों कार्यकर्ताओं ने आंदोलन में भाग लिया। अध्यक्षद्वय श्री गौतम एवं श्री चौधरी के अनुसार किसानों को अपनी गेहूं की उपज बेचने के लिए, उपार्जन केंद्रों पर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। टोकन देने के बावजूद भी, दो-दो तीन-तीन दिनों में उनका नंबर आ रहा है। हमारा अन्नदाता ट्रालियों के नीचे सोने को मजबूर है। तुलाई केंद्रों पर व्यवस्थित ढंग से तुलाई नहीं हो पा रही है। सरकार ने कर्ज वसूली की तारीख नहीं बनाई जबकि किसान डिफॉल्टर हो गया वही गेहूं खरीदने की तारीख लगातार बढ़ रही है। भारत अमेरिका डील का असर किसानों आर साफ दिखाई दे रहा है जिसमें देश का किसान लगातार बदहाली की ओर अग्रसर है।

### हेल्पलाइन शिकायतों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की। कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विभागवार लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इस कार्रवाई के तहत, उदयनगर के पटवारी पूनमचंद देवड़ा को सीमांकन संबंधी शिकायत का एक वर्ष से अधिक समय तक निराकरण न करने पर निलंबित करने के निर्देश दिए गए। इसी तरह, ग्राम खारिया के सचिव छोटेलाल चौहान को एक साल से अधिक समय से आधार कार्ड अपडेट न करने की शिकायत पर निलंबित करने के आदेश दिए गए। इसके अतिरिक्त, नगर परिषद सतवास के प्रभारी फकरूद्दीन शाह, डीसीसीबी बैंक भौंरासा के बैंक मैनेजर नेपाल सिंह शर्मा और बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नेमावर सीएमओ आनंदीलाल वर्मा, प्रभारी कमलेश यादव, जेएसओ स्वाति मशराम और पीएम आवास योजना प्रभारी मनीषा सोलंकी की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। वहीं, गीतिका सोनी, दीपक मुजाल्दे और भानसिंह राय की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश भी दिए गए। पीएम आवास योजना की पीओ रंजना जोशी का सात दिन और सोनकच्छ जनपद के बीपीओ कैलाश इवने का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने शिकायतकर्ताओं को सीधे कॉल कर निराकरण की स्थिति जानी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि वे एल-1 स्तर से दर्ज किए जा रहे जवाबों की स्वयं जांच करें और बिना ठोस निराकरण के जवाब अपलोड न किए जाएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

# बेटी ने किया प्रेम विवाह तो प्रेमी के परिवार के दो लोगों का अपहरण कर की मारपीट

**देवास/कन्नौद ।** प्रेम अंधा होता है। प्रेम में लड़की पक्ष नाखुश हैं तो हत्या तक बात पहुंच जाती है ऐसा ही एक मामला पुलिस थाना कन्नौद में आया जिसमें सूचनाकर्ता ने बताया कि मेरे परिवार के दो सदस्यों का अज्ञात व्यक्तियों ने अपहरण कर उनसे बेरहमी से मारपीट की जा रही है। हमको शंका है उनकी हत्या भी हो सकती है जैसे ही मामला थाना प्रभारी के संज्ञान में आया पुलिस हरकत में आई और घटना की सत्यता परखते हुए अपराधी हत्या करते उससे पहले ही पुलिस के हत्थे चढ़ गये।

पुलिस थाना कन्नौद से प्राप्त जानकारी अनुसार 07 मई को ग्राम किलोदा से रात्रि लगभग तीन बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि ग्राम किलोदा पुलिस थाना कन्नौद क्षेत्र में घर से सोते हुए दो व्यक्तियों का अज्ञात आरोपियों द्वारा अपहरण कर




लिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा अपहत व्यक्तियों की पतारसी कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सौम्या जैन के मार्गदर्शन में एसडीओपी आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी तहजीब काजी के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश अनुसार कन्नौद पुलिस की दो टीम गठित कर आसपास के थाना क्षेत्रो में नाकाबंदी की गई। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ करने पर जानकारी प्राप्त हुई कि अपहरण की यह वारदात परिवार के एक युवक द्वारा आरोपी पक्ष की युवती से प्रेम विवाह किया जाने से नाराज़ होकर घटना घटित की गई है। पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र के अंतर्गत लगे सी सी केमरे तकनीकी साक्ष्यों एवं पारंपरिक पुलिस कार्यप्रणाली का उपयोग करते हुए आरोपियों के मूवमेंट एवंम भागने के मार्ग का पता लगाकर लगातार पीछा करते हुए पुलिस टीम इन्दौर पहुंची। इसी दौरान अपहरणकर्ताओ द्वारा अपहत व्यक्तियों के साथ मारपीट कर उनके परिजनों पर दबाव बनाया जा रहा था। आरोपियों ने धमकी दी थी कि यदि सुबह 04,00 बजे तक प्रेम विवाह करने वाली युवती को वापस नहीं किया तो दोनों हमारे कब्जे के तुम्हारे सदस्यों की हत्या कर दी जाएगी। इस धमकी से परिजनों में भर एवं चिंता का माहोल बना गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अत्यंत सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल तत्परता से इन्दौर स्थित उस क्षेत्र की घेराबंदी की जहां अपहत व्यक्तियो को रखा गया था। पुलिस टीम ने कैमोपलाज पद्धति से योजनाबद्ध दबिश दी और आरोपियों को चारों ओर से घेर लिया जिससे वह भागने में सफल नहीं हो सके। पुलिस ने अपहत बगदिया पिता बोंदर निवासी किलोदा पी मुकेशगणे पिता बगदिया किलोदा पी को आरोपियों के कब्जे से छुड़ाया।

### टीआई काजी की तरकीब लाई रंग

पुलिस ने प्रकरण में आरोपी गणेश पिता हरनाथ, मुकेश पिता जगदीश निवासी पलासी रामविलास पिता हरनाथ निवासी किलोदा पी श्री पिता हरनाथ किलोदा पी, राजपाल पिता राजू निवासी पिपल्या नानकार, राजा पिता गंगाधर निवासी संदलपुर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त वाहन में एक कार और हथियार जब्त किए हैं। इस कार्य की सफलता का सेहरा थाना प्रभारी तहजीब काजी उनि राहुल रावत से उनि गणेश विश्नोई, प्रधान आर 599 दीपक अग्निहोत्री, आर 787, बालकृष्ण छापे, आर 879 राजेन्द्र सिंह राजपूत और सायवर सेल देवास सतीश चौहान की विशेष भूमिका रही।

## देवास एथलेटिक्स एसोसिएशन ने मनाया किड्स एथलेटिक्स डे

**देवास।** प्रगति एथलेटिक्स क्लब एवं देवास जिला एथलेटिक्स संगठन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 30 से 35 बच्चों ने प्रतिनिधित्व कर वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स दिवस के महत्व को समझा।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी सेना गडरिया, राष्ट्रीय खिलाड़ी जावेद पठान, देवास जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन सचिव अनिल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव एवं प्रशिक्षक जितेंद्र गोस्वामी, निरंजन यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में नयन कुंदर प्रथम स्थान, पीयूष धनगर द्वितीय स्थान एवं असर सिंह ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान अवंतिका शुक्ला, द्वितीय स्थान अंकिता मंडल एवं तृतीय स्थान प्रियल ठाकुर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार के रूप में टी-शर्ट वितरित की जाएगी। एसोसिएशन द्वारा सभी खिलाड़ियों को स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई जिससे बच्चों में अधिक उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम का संचालन सचिव अनिल श्रीवास्तव ने किया एवं आभार राजीव श्रीवास्तव ने माना।

# मकान विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**कब्जा करने का कर रहे थे प्रयास, वारदात में दो महिलाएं घायल**

**देवास।** स्थानीय मिर्जा बाखल क्षेत्र में मकान विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई, जिसमें दो महिलाएं घायल हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया।

परिजन ने बताया कि करीब तीन साल पहले उन्होंने अपनी नानी से 20 लाख रुपए में मकान खरीदा था। खरीद के बाद परिवार के मामू ने कुछ समय रहने की अनुमति मांगी थी, लेकिन आरोप है कि पिछले एक साल से वे मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पीड़ित परिवार के अनुसार आरोपी पक्ष घर में घुस आया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस हमले में रशीदा पति साबिर शेख और सोनू पति चांदनी शेख घायल हो गई। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने शिकायत के आधार पर शहीद, शबाना, अफ्सा, तस्मिया और अल्ताफ के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

## वेलस्पन फाउंडेशन का कन्वर्जेन्स कैंप आयोजित




**देवास।** वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा शुक्रवार 8 मई 2026 को सन्नोड पंचायत के पंचायत भवन में कन्वर्जेन्स कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभार्थियों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित सेवाएं प्रदान की गईं।

कैंप के दौरान पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड एवं संभल कार्ड बनाए गए। ग्रामीणों ने शिविर में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीयन करवाया।

इस अवसर पर सन्नोड पंचायत के सरपंच महेश 'पप्पू' पटेल, पंचायत सचिव यागवेंद्र चौधरी तथा वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के लोकेशन लीड सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे शिविरों से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ सरलता से मिल रहा है।

# डीमार्ट पर ग्राहक को गुमराह कर महंगा सामान बेचने का आरोप

**डी-मार्ट स्टोर में डिस्प्ले पर कम, बिल में ज्यादा**

**देवास।** शहर के डी-मार्ट स्टोर में ग्राहक से कथित रूप से कम कीमत दिखाकर अधिक कीमत वसूलने का मामला सामने आया है। ग्राहक हर्षराज सिंह राठौड़ ने आरोप लगाया कि स्टोर में रखे प्राइस टैग और बिलिंग कीमत में अंतर पाया गया, जिसके बाद युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आपत्ति दर्ज कराई। ग्राहक के अनुसार उसने स्टाफ से हींग चना 200 ग्राम का पैकेट मांगा।

स्टाफ ने रैक से पैकेट उठाकर दे दिया। रैक पर लगे टैग में एकता




डबल चना - बाय वन गेट वन फ्री 200 ग्राम 70 रुपए लिखा था, इसका मतलब एक पैकेट की कीमत 35 रुपए। ग्राहक के अनुसार उसी कंपनी के उत्पाद का वहां कोई अन्य प्राइस टैग नहीं लगा था। जब बिलिंग हुई तो ग्राहक से 37.65 रुपए वसूले गए। बिल में भी स्पष्ट जानकारी नहीं थी कि यह कीमत उसी पैकेट की है या किसी अन्य वैरायटी की, क्योंकि कंपनी का नाम समान था। इस पर ग्राहक ने युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हर्षप्रताप सिंह गौड़ को सूचना दी। सूचना मिलते ही हर्षप्रताप सिंह गौड़ अपनी टीम के साथ डी-मार्ट पहुंचे और स्टाफ से शिकायत की। आरोप है कि प्रारंभ में अधिकारियों ने यह कहकर मामला टालने की कोशिश की कि टैग किसी अन्य प्रकार के चने का था। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि रैक पर उसी कंपनी का वही पैकेट रखा था और कोई अन्य टैग मौजूद नहीं था। बाद में स्टोर अधिकारियों ने स्टाफ की गलती से स्टॉक अपडेट नहीं होने की बात स्वीकार करते हुए इसे मानवीय त्रुटि बताया। इस पर हर्षप्रताप सिंह गौड़ ने कहा कि ग्राहक उत्पाद का मूल्य और कंपनी देखकर खरीदारी करता है, ऐसे में गलत डिस्प्ले ग्राहकों को गुमराह करने जैसा है। उनका आरोप है कि व्यस्तता के कारण अधिकांश ग्राहक बिल में छोटे अंतर पर ध्यान नहीं दे पाते और रोजाना हजारों ग्राहकों से इस तरह बड़ी राशि वसूली जा सकती है। मामले में आगामी कार्रवाई भी की जा सकती है।

# सब इंजीनियर मारपीट केस में जनपद सदस्य पति का विरोध

**देवास ।** उदय नगर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत पांडू तालाब में सब इंजीनियर के साथ मारपीट का मामला गरमा गया। जिलेभर के सब इंजीनियरों, सहायक यंत्रियों और रोजगार सहायकों सहित अन्य अधिकारियों ने जिला पंचायत सीईओ ज्योति शर्मा से मुलाकात की।

उन्होंने आरोपी पर सख्त कार्रवाई और मामले में गंभीर धाराएं जोड़ने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने बताया कि आरोपी संतोष डोडवे, जनपद सदस्य रायकुबाई डोडवे



का पति है। आरोप है कि उसने 4 मई को ग्राम पंचायत पांडू तालाब कार्यालय पहुंचकर सब इंजीनियर गोविंद डाबर के साथ डंडे से मारपीट की थी। घटना के बाद डाबर ने अपनी जान बचाने के लिए पास के एक घर में शरण ली और बाद में उदयनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार, संतोष डोडवे ने सब इंजीनियर गोविंद डाबर को नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण स्थल के निरीक्षण के लिए बुलाया था। निरीक्षण के दौरान डाबर ने पाया कि प्रस्तावित स्थल पर पहले से चबूतरा बना हुआ है, जिसके कारण वहां तकनीकी रूप से निर्माण संभव नहीं था।

उन्होंने नियमानुसार अन्य स्थान चयनित करने की सलाह दी। इसी से नाराज होकर आरोपी ने डाबर पर हमला कर दिया। कर्मचारियों का कहना है कि आरोपी संतोष डोडवे खुलेआम घूम रहा है और जनपद की बैठकों में भी शामिल हो रहा है, जिससे कर्मचारियों में भय है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है, लेकिन कर्मचारी मामले में और गंभीर धाराएं जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं।

## बस स्टैंड पर महिला चिल्लाई, मचा हंगामा

**देवास।** शहर के बस स्टैंड पर शुक्रवार तड़के उस समय हंगामा हो गया, जब ससुराल पक्ष के लोग एक नवविवाहिता को अपने साथ ले जाने लगे। महिला के विरोध करने और चिल्लाने पर वहां भीड़ जमा हो गई।

सूचना मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची और महिला को थाने ले गई। प्रत्यक्षदर्शियों, जिनमें नंदकिशोर जाट, सुनील सोलंकी, राहुल परमार और शेखर शामिल हैं, ने बताया कि महिला देर रात से बस स्टैंड पर अकेली बैठी थी। शुक्रवार सुबह करीब 4.30 बजे उसके ससुराल पक्ष के लोग वहां पहुंचे और उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगे। इस दौरान महिला ने जोर-जोर से चिल्लाना और रोना शुरू कर दिया, जिससे आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। बताया जा रहा है कि महिला मूल रूप से जीरापुर की निवासी है और उसका विवाह हाल ही में देवास में हुआ था। महिला ने पुलिस और मौके पर मौजूद लोगों के सामने बताया कि उसका पति आए दिन विवाद करता है, जिससे परेशान होकर वह घर से निकलकर बस स्टैंड पर आ गई थी। पुलिस महिला और उसके परिजनों को थाने लेकर पहुंची, जहां उन्हें समझाइश दी गई। समझाइश के बाद महिला अपने परिजनों के साथ चली गई।

**एक नजर में** — उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग ने किया महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण

# जिला शिक्षा अधिकारी से मांगी 12वीं पास छात्रों की लिस्ट

**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृ.प. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में डॉ. एच. एल. अनिजवाल, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा उज्जैन संभाग द्वारा महाविद्यालय में कॉलेज चलो अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया गया।

प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा के मार्गदर्शन में गठित समिति संयोजक एवं सदस्य, प्रभारी प्राचार्य डॉ. रतन सिंह अनारे, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय चौहान, एन.सी.टी.ई. पाठ्यक्रम सत्यापन संयोजक डॉ. आर.के. मराठा, जिला प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. संजय गाडगे, कॉलेज चलो अभियान संयोजक डॉ विद्या माहेश्वरी, पात्रता हेतु जिला स्तरीय चलित साक्षात्कार समिति नोडल अधिकारी डॉ. दीप्ति धवले, डॉ सीमा सोनी, डॉ रश्मि ठाकुर, डॉ ममता झाला, डॉक्टर भारती कियावत, राकेश कोटिया, रजत राठौड़, डॉ शकील खान, निहारिका व्यास, दीपक अटरिया, जितेंद्र सिंह राजपूत, जितेंद्र यादव एवं कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। डॉ. अनिजवाल ने कॉलेज चलो अभियान एवं चलित साक्षात्कार राज्य स्तरीय पात्रता परीक्षा के लिए महाविद्यालय में किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। महाविद्यालय में प्रवेश जागरूकता के लिए विद्यार्थियों हेतु स्थापित किए गए सेल्फी पॉइंट का शुभारंभ भी किया। कालेज चलो अभियान के तहत 2 अप्रेल को प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. संजय गाडगे के द्वारा जिले के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, कालेज चलो अभियान के नोडल अधिकारी प्राध्यापक तथा प्रवेश प्रभारी को ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से ट्रेनिंग दी गई जिसमें प्रवेश प्रक्रिया तथा कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण से संबंधित की जाने वाली कार्यवाहियों हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महाविद्यालय स्तर पर डॉ. विद्या माहेश्वरी के संयोजन में इस अभियान के अंतर्गत प्रवेश सहायता केंद्र स्थापित किया गया। 5 मई को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृ.प. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत संयोजक डॉक्टर विद्या माहेश्वरी डॉ सीमा सोनी एवं डॉक्टर लीना दुबे ने जिला शिक्षा अधिकारी आलोक मिश्रा से संपर्क कर क्षेत्र अंतर्गत आने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की सूची एवं प्राचार्य के मोबाइल नंबर प्राप्त किये। इसी क्रम में नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक एवं नारायण विद्या मंदिर 2 (उत्कृष्ट विद्यालय) का भ्रमण कर प्राचार्य एवं स्टाफ से चर्चा की और कॉलेज चलो अभियान के उद्देश्य से अवगत करवाया। 12वीं पास की जानकारी देने की अपील की।

# 77 वर्षीय जीवनलाल का देहदान संकल्प पूरा

**देवास।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए, श्री जीवनलाल नायक (उम्र 77 वर्ष) का देहदान करने का प्रेरणादायक संकल्प सोमवार, 29 अप्रैल , 2026 को अमलतास मेडिकल कॉलेज, देवास में संपन्न हुआ ।यह पुनीत कार्य सेवाधाम आश्रम, ग्राम अम्बोदिया, जिला उज्जैन के संस्थापक और प्रेरणा स्रोत सुधीर भाई गोयल के प्रयासों से पूरा हुआ। उन्होंने स्व. जीवनलाल की अंतिम इच्छा का सम्मान करते हुए उनकी पार्थिव देह को कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में दान किया। इस कड़ी में देवास पुलिस विभाग द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। मेडीकल कॉलेज के डीन डॉ.



ए.के. पीठवा ने सम्मान स्वरूप आभार व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं इस अवसर पर कहा कि चिकित्सा शिक्षा के लिए मानव शरीर की संरचना का ज्ञान आवश्यक है, और शरीर दान भावी चिकित्सकों के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान है।

यह अमूल्य सहयोग विद्यार्थियों के व्यावहारिक अध्ययन और चिकित्सा विज्ञान के ज्ञानार्जन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। देहदान अधिकारी गजानंद चौहान ने इस प्रक्रिया की जानकारी दी। अमलतास मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने इस प्रेरक पहल के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। डीन डॉ. ए.के. पीठवा, एनाटॉमी विभाग हेड डॉ. करखायले एम.एल., और अमलतास समूह ने संस्था सेवाधाम आश्रम के प्रति कृतज्ञता जाहिर की।